**खबर संक्षेप**

### बांद्रा टर्मिनस-रीवा के बीच 11-11 ट्रिप अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

**सतना।** त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए,पश्चिम रेलवे दुर्गा पूजा,दिवाली और छठ पूजा के लिए अतिरिक्त ट्रेनें चला रहा है। इसी के तहत,पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होते हुए बांद्रा टर्मिनस और रीवा के बीच 11-11 ट्रिप साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। ये ट्रेनें पश्चिम मध्य रेल के प्रमुख स्टेशनों जैसे इटारसी,मदनमहल,कटनी,मैहर और सतना पर रुकेंगी।

### ट्रेन का विवरण

गाड़ी संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस-रीवा स्पेशल ट्रेन 18 सितंबर से 27 नवंबर तक हर गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से सुबह 4:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन शुक्रवार को सुबह 7:45 बजे रीवा पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 09030 रीवा-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन 19 सितंबर से 28 नवंबर तक हर शुक्रवार को रीवा से सुबह 11:00 बजे रवाना होगी और अगले दिन शनिवार को दोपहर 2:00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। इन ट्रेनों में 20 सामान्य श्रेणी के कोच और 2 अन्य कोच शामिल हैं।

### मैहर होगा अतिक्रमण मुक्त, गरीब-अमीर सब पर होगी कार्रवाई

**मैहर।** अतिक्रमण के खिलाफ एक बड़ी मुहिम शुरू हो चुकी है। नगर पालिका की सीएमओ सुषमा मिश्रा ने इस अभियान की कमान संभाली है और जगह-जगह कार्रवाई की जा रही है। सीएमओ ने साफ कर दिया है कि यह सिर्फ एक दिन का काम नहीं है,बल्कि मैहर को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की एक बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा,चाहे वह गरीब हो या अमीर। उन्होंने लोगों से इस मुहिम में सहयोग करने की अपील भी की,क्योंकि यह पूरे शहर की भलाई के लिए है। नगरवासियों का मानना है कि अगर यह अभियान बिना किसी दबाव या पक्षपात के जारी रहा,तो मैहर निश्चित रूप से अतिक्रमण मुक्त शहर बनेगा। इस कार्रवाई से सड़क किनारे की जगह खाली होगी,जिससे मैहर के जिला बनने के बाद बढ़े हुए यातायात से लोगों को राहत मिलेगी।

### पूर्व विधायक त्रिपाठी 22 सितंबर को करेंगे जनसंवाद

**मैहर।** जनता के मुद्दों,गरीबों और असहायों की समस्याओं पर चर्चा के लिए पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी 22 सितंबर को मैहर के घंटाघर पर सुबह 10 बजे जनसंवाद करेंगे। इस दौरान वे अधिकारियों से बातचीत करेंगे और क्षेत्र में हो रही उनकी मनमानी पर भी अपनी बात रखेंगे। त्रिपाठी ने जोर देकर कहा कि गरीबों को उनका हक मिलना चाहिए और फुटपाथ पर काम करने वालों के लिए जगह तय की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देवीधाम कोई प्रयोग की जगह नहीं है,और यहां मनमानी नहीं चलने दी जाएगी।

### सतना जिले में हुई 1022.5 मिमी औसत वर्षा

**सतना।** सतना जिले में इस वर्ष 1 जून से 18 सितंबर तक 1022.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराज नगर) तहसील में 1255.9 मि.मी.सोहावल (रघुराजनगर) में 864.3 मि.मी.,बरौंधा (मझगवां) में 1259.3 मि.मी,बिरसिंहपुर में 822.9 मि.मी.,रामपुर बाघेलान में 1022.1 मि.मी.,नागौद में 1255.8 मि.मी.,जसो (नागौद) में 541 मि.मी. एवं उचेहरा में 1155.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 761.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।
मैहर जिले में हुई 983.3 मिमी मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 18 सितंबर 2025 तक 983.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में अव्यवस्था, परिजन परेशान




**सतना।** सरदार वल्लभभाई पटेल जिला अस्पताल के शिशु रोग गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती बच्चों के परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड में गर्मी और घुटन के कारण मरीजों और उनके साथ आए लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उन्हें नेबुलाइजर मास्क और लिक्विड जैसी जरूरी चीजें भी बाहर से खरीदनी पड़ीं,जबकि यह अस्पताल में उपलब्ध होनी चाहिए। इसके अलावा,गहन चिकित्सा इकाई के वार्ड में दरवाजा तक नहीं है,जिससे बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। पीड़ित परिवारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वहां की नर्सों का व्यवहार भी ठीक नहीं था। सर्दी,खांसी और बुखार जैसी बीमारियों से पीड़ित बच्चों को लेकर आए परिजनों को पिछले दो दिनों से अस्पताल में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। इस अव्यवस्था ने अस्पताल प्रशासन की लापरवाही को उजागर किया है।

## नवरात्रि से पहले चरमराई यातायात व्यवस्था, जिम्मेदारियों पर उठते सवाल

**सतना।** नवरात्रि का महापर्व नज़दीक है,लेकिन सतना शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में वाहनों का दबाव असहनीय हो गया है,जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सबसे गंभीर स्थिति सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के जय स्तंभ चौक पर बनी हुई है,जहां सड़क पर ही दुर्गा पंडाल बना दिया गया है। यह पंडाल पहले से ही संकरी सड़कों पर यातायात की समस्या को और बढ़ा रहा है,जबकि इसी क्षेत्र में व्यापारियों द्वारा भी सड़क पर पंडाल लगाने का सिलसिला जारी है। इस साल की नवरात्रि के पहले ही,शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर यातायात का दबाव काफी बढ़ चुका है। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के जयस्तंभ चौक जैसे व्यस्ततम इलाके में सड़क पर पंडाल लगाने से यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। हैरानी की बात यह है कि इस समस्या पर न तो नगर निगम का ध्यान है और न ही यातायात पुलिस का। स्थानीय लोगों का कहना है कि शांति समिति की बैठकों में भी इस गंभीर मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई। बाजार क्षेत्र में यातायात की समस्या का सबसे बड़ा कारण सड़क पर लगने वाले ठेले और अतिक्रमण हैं। वेंकट वन स्कूल के सामने पैदल चलने वालों के लिए बनाए गए फुटपाथ भी पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में हैं।यहां दिन भर चाट और फुल्की के ठेले लगे रहते हैं,जिससे पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरना पड़ता है। इस अव्यवस्था के कारण नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते और यातायात पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। लंबे समय से शहर के कोठी मोड़,रीवा रोड और बस स्टैंड सिमरिया चौराहे पर भी यातायात की समस्या बनी हुई है। इन जगहों पर वाहनों की लंबी कतारें आम बात हो गई हैं। नवरात्रि के दौरान भीड़ और भी बढ़ेगी,ऐसे में अगर समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।शहर के लोग अब नए पुलिस कप्तान से काफी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। उनकी मांग है कि बाजार क्षेत्र में जगह-जगह अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाए ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके। यह समय की मांग है कि प्रशासन और पुलिस मिलकर इस समस्या का हल निकाले और नागरिकों को एक सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था प्रदान करें।

### खाद्य सुरक्षा राम भरोसेः बाजार में मिलावटी सामान की बाढ़, जिम्मेदार मौन

**सतना।** शहर में खाद्य पदार्थों में मिलावट का खेल धड़ल्ले से चल रहा है और प्रशासन की उदासीनता ने इसे और भी बढ़ावा दिया है।आम जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हुए,कारोबारी बेखौफ होकर मिलावटी आटा,तेल,और अन्य सामग्री बेच रहे हैं। ब्रांडेड कंपनियों से मिलते-जुलते नाम और पैकेजिंग का इस्तेमाल करके उपभोक्ताओं को धोखा दिया जा रहा है और मनमानी कीमतों पर यह जहर परोसा जा रहा है। यह मिलावट का गोरखधंधा सिर्फ बड़े बाजारों तक सीमित नहीं है,बल्कि शहर की गलियों और छुपे हुए गोदामों में भी खूब फल-फूल रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस अवैध धंधे में कथित तौर पर राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोग भी शामिल हैं,जिससे अधिकारियों की कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़ा होता है। खाद्य एवं औषधि विभाग के अधिकारी केवल त्योहारों,जैसे दिवाली और दशहरा,पर दिखावे की सैंपलिंग करते हैं,जबकि रोजमर्रा की उपयोग होने वाली वस्तुओं पर उनकी नजर नहीं रहती। चाय पत्ती से लेकर खाने के तेल और आटे तक,हर चीज में मिलावट की शिकायतें आम हैं। अधिकारियों की यह लापरवाही शहरवासियों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। क्या सतना प्रशासन गहरी नींद में है या जानबूझकर इन मिलावटखोरों को संरक्षण दे रहा है? यह सवाल अब हर नागरिक के मन में है।

## शहर में पटाखा बिक्री के लिए सख्त व्यवस्था, प्रशासन ने बैठक कर दिए निर्देश

**सतना।** दीपावली से पहले शहर में पटाखों की बिक्री को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई,जिसमें पटाखा बिक्री स्थलों के चयन और संबंधित प्रशासनिक तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,नगरनिगम आयुक्त शेर सिंह मीना और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि इस बार दीपावली पर पटाखों की बिक्री केवल निर्धारित और सुरक्षित स्थानों पर ही हो,ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



### इन मुद्दों पर नहीं हुई चर्चा

बैठक में अवैध पटाखा गोदामों और बिना लाइसेंस के चल रही दुकानों का मुद्दा किसी ने भी नहीं उठाया। बताया गया कि शहर में कई जगह अवैध पटाखा गोदाम हैं और बड़ी संख्या में व्यापारियों के पास पटाखे बेचने का लाइसेंस नहीं है।कुछ लोग तो एक ही लाइसेंस पर कई दुकानें लगवाते हैं। लेकिन इस तरह की जानकारी कलेक्टर व अधिकारियों के संज्ञान में नहीं है। इन अनियमितताओं की गंभीरता से जांच करने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत जताई जा रही है। कुल मिलाकर यह बैठक रस्मअदायगी रही।



### मां शारदा लोक के निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण शुरू

**मैहर।** मां शारदा देवी मंदिर परिसर में बनने वाले मां शारदा लोक के लिए सर्वेक्षण का काम शुरू हो गया है। पर्यटन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंचकर आकलन कर रही है। इस टीम में एमपीटी की मुख्य आर्किटेक्ट संगीता व्यास भी मौजूद हैं। उन्होंने राजस्व,वन विभाग,पीडब्ल्यूडी, नगर पालिका सहित कई अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर मौके का दौरा किया। टीम ने मौजूदा, निर्माणाधीन और प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली। यह टीम 19 और 20 सितंबर को मैहर में रहकर प्राथमिक सर्वे का काम पूरा करेगी।

## शारदेय नवरात्रि को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**मैहर।** शारदेय नवरात्रि और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए मैहर में एक शांति समिति की बैठक हुई। यह बैठक सीएसपी महेंद्र सिंह,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी और तहसीलदार जितेंद्र पटेल की मौजूदगी में थाना कोतवाली में आयोजित की गई। इसमें गणमान्य नागरिक,दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य और डीजे/साउंड संचालकों को जरूरी निर्देश दिए गए। बैठक का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना था। थाना प्रभारी ने सभी आयोजकों से निर्धारित समय-सीमा और ध्वनि नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही,सुरक्षा,स्वच्छता, ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण पर भी ध्यान देने को कहा गया। सभी उपस्थित लोगों ने प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया और शांतिपूर्ण आयोजन की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,पार्षद अशोक चौबे सहित कई अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## एकेएस ने फेडरेशन विश्वविद्यालय ऑस्ट्रेलिया व एम्पलाईबिलिटी लाईफ़ के साथ किया समझौता

**सतना।** वैश्विक शिक्षा सहयोग की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए एकेएस विश्वविद्यालय, सतना ने फेडरेशन विश्वविद्यालय,ऑस्ट्रेलिया एवं उसकी सहायक संस्था एम्पलाईबिलिटी लाइफके साथ कार्य-आधारित शिक्षण हेतु एक्सपीएमसी रूपरेखा लागू करने के लिए समझौता किया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग आधारित प्रत्यक्ष अनुभव,लघु प्रमाण-पत्र तथा भविष्य उन्मुख कौशल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर प्रो-चांसलर अनंत कुमार सोनी,कुलपति प्रो.बी.ए.चोपड़े, डॉ.अखिलेश ए.बाऊ (डीन,कंप्यूटर विज्ञान) तथा कृति सिंह(क्षेत्र प्रमुख-शैक्षणिक सहयोग, एम्पलाईबिलिटी लाईफ़) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.वीरेंद्र तिवारी (सहायक प्राध्यापक, कंप्यूटर विज्ञान) द्वारा किया गया। जिसमें छात्र समन्वयक सुकृति सोनी एवं ओम तिवारी ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह साझेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,संगणक सुरक्षा,डाटा साइंस तथा संगणक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में विद्यार्थियों को वैश्विक उद्योग मानकों के अनुरूप व्यावहारिक दक्षता प्रदान करेगी। साथ ही यह समझौता उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ करते हुए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय अवसरों एवं करियर-सिद्ध मंच उपलब्ध कराएगा। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कंप्यूटर विज्ञान विभाग को इस उपलब्धि तो बधाई दी है।



### श्री राम जन्मोत्सव का मंचन, ताड़का वध और मिथिला निमंत्रण की लीला



**सतना।** 129 वीं श्री बिहारी रामलीला का मंचन जारी है,जहाँ दर्शकों ने भगवान श्रीराम के जन्म की भव्य लीला का आनंद लिया। इस दौरान,राजा दशरथ के यहाँ चार पुत्रों-राम,भरत,लक्ष्मण और शत्रुघ्न-के जन्म की कथा का सजीव चित्रण किया गया। अगली कड़ी में,आज की लीला में महर्षि विश्वामित्र के अनुरोध पर राम और लक्ष्मण राक्षसों के वध के लिए उनके साथ जाएंगे। मंच पर राम-लक्ष्मण द्वारा ताड़का,मारीच और सुबाहु के संहार का दृश्य दिखाया जाएगा। इसके बाद,मिथिला से सीता स्वयंवर का निमंत्रण आएगा,जिससे रामलीला का नया अध्याय शुरू होगा। दर्शक इस रोमांचक लीला को देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं।

## त्यौहारों को शांति और सद्भाव से मनाएंः कलेक्टर

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में आगामी त्यौहारों को शांति,सद्भावना और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर त्यौहारों की खुशियों को बढ़ाएं और आपसी सौहार्द बनाए रखें। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,अपर कलेक्टर विकास सिंह,सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महिपाल सिंह,जितेंद्र वर्मा,राहुल सिलाडिया,सुमेश द्विवेदी,आरएन खरे,एलआर जांगड़े,डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा,सीएसपी देवेंद्र सिंह,थाना प्रभारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान,सभी अधिकारियों ने मिलकर यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

### आठवें वेतन आयोग के गठन और अन्य मांगों को लेकर रेल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**सतना।** अखिल भारतीय रेल कर्मचारी महासंघ और वेस्ट सेंट्रल रेलवे एंप्लॉयीज यूनियन के आह्वान पर आज सतना लॉबी के सामने शाम 5 बजे से 7 बजे तक एक विरोध सभा का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शन आठवें वेतन आयोग के गठन में देरी और रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर किया गया। भारत सरकार द्वारा जनवरी में आठवें वेतन आयोग की घोषणा के बावजूद,इसका आधिकारिक गठन अभी तक नहीं किया गया है,जबकि इसे 1 जनवरी 2026 से लागू होना था। इसी मुद्दे के साथ-साथ,रनिंग कर्मचारियों के किलोमीटर अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि,छह अन्य श्रेणियों के लिए रिस्क अलाउंस, और कैडर रीस्ट्रक्चरिंग कमेटी की रिपोर्ट को लागू करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।इन सभी मांगों को रेलवे बोर्ड ने मंजूरी दे दी है,लेकिन वित्त मंत्रालय द्वारा अभी तक आदेश जारी नहीं किए गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर एक महीने के भीतर उनकी मांगें नहीं मानी गईं,तो पूरे भारतीय रेलवे में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा और विरोध जारी रहेगा।

## ढीमरखेड़ा ब्लाक सचिव संघ ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

मप्र सचिव संघ ब्लॉक ढीमरखेड़ा के सचिवों ने शुक्रवार को बैठक कर अपनी समस्याओं पर विचार-विमर्श किया और 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सचिव संघ का कहना है कि ग्राम पंचायत सचिवों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। बैठक में प्रमुख मांग रखी गई कि मुख्यालय पंचायत में पदस्थ सचिवों को वित्तीय अधिकार दिए जाएं। साथ ही मढ़ाना के सचिव चिंतामणि पटेल का निलंबन अन्यायपूर्ण बताया गया और इसकी समीक्षा की मांग की गई।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बिना कारण कई सचिवों की वेतन वृद्धि एक-दो साल के लिए रोकी गई है, जबकि अवधि समाप्त होने के बाद भी बहाली नहीं की गई। सचिव संघ ने पत्रकारों व सोशल मीडिया प्रभारियों द्वारा गलत खबरें प्रकाशित किए जाने पर आपत्ति जताई और लगभग 30–35 पत्रकारों की वास्तविकता की जांच कर फर्जी लोगों पर कार्रवाई की मांग उठाई।इसके अलावा रिक्त सचिव पदों पर नजदीकी पंचायत सचिवों को अतिरिक्त प्रभार देने, षड्यंत्रपूर्वक निलंबित किए गए सचिवों को न्याय दिलाने तथा जनपद पंचायत में दलालों की सक्रियता पर रोक लगाने की मांग की गई। जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण हो चुकी नल-जल योजनाओं को पंचायतों को हैंडओवर करने और ठेकेदारों की मनमानी पर अंकुश लगाने की बात भी ज्ञापन में कही गई। बैठक में अध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित सहित सोने सिंह क्षत्री, वीरेंद्र प्यासी, लखन सिंह बागरी, बृजमोहन गोस्वामी, राजेश सिंह, इंद्रेश सिंह, रमेश पटेल, कमलेश हल्दकर, राजेश मौर, लालूराम पटेल, राजेश पटेल, कमलेश मिश्रा, रमेश झारिया, काशीराम मरावी, हरभजन सिंह, रामचंद्र यादव, सोने सिंह मार्को, उदय कुमार यादव, उमेश पांडे आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी कृष्ण कुमार पिता प्रकाश पटेल निवासी मकरगंज सिमरिया ने पुलिस थाना पहुंचकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज करत हुए बताया कि गांव के ही आरोपी सुनील पटेल और छुट्टन पटेल ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से मारपीट की जिससे उसके सर पर दाहिने तरफ गंभीर चोट आई है। फरियादी की पुलिस ने मेडिकल जांच करकर आरोपियों के विरुद्ध मारपीट का अपराध दर्ज किया।

### नव विवाहिता के साथ मारपीट, तीन के विरुद्ध मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिल्हा से एक नव विवाहिता महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के विषय में फ़रियादिया महिला श्रीमती लक्ष्मी पति देवेंद्र प्रजापति उम्र 20 वर्ष निवासी बिल्हा ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया है कि इसका मायका ग्राम जगदीशपुरा थाना पवई के अंतर्गत है। गत वर्ष 2024 में इसकी शादी हिन्दू रीति रिवाज के अंतर्गत की गई और इसके माता पिता ने अपनी क्षमता अनुसार सारा दान दहेज दिया था परन्तु विवाह के कुछ समय बाद ही उसका पति एवं सास ससुर द्वारा अनावश्यक रूप से एक लाख रुपए की मांग दहेज के रूप में की जाने लगी उनका कहना था कि हमें विवाह में दहेज कम दिया गया है। इस बात का जब इसने विरोध किया तो पति और सास ससुर द्वारा इसके साथ मारपीट की जाने लगी। आज फरियादी महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति देवेंद्र प्रजापति और सास भूरी बाई ससुर सिट्टन प्रजापति के विरुद्ध दहेज एक्ट का मामला दर्ज किया।

### आबकारी विभाग ने दो आरोपियों से 115 पाव अवैध शराब पकड़ी



**पन्ना।** पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में पन्ना शहर में अवैध शराब के लिए अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई थी, कि पन्ना शहर के रानीगंज क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। जिससे मोहल्ले का माहौल खराब है, विशेषकर महिलाओं और बच्चियों को शाम के समय ज्यादा समस्या हो रही है। इस पर आबकारी टीम द्वारा रानीगंज मोहल्ला पहुंचकर आरोपी अशोक यादव पिता श्री सिद्ध गोपाल यादव, उम्र 40 वर्ष और अजय रैकवार पिता श्री रामलाल रैकवार , उम्र 41 वर्ष निवासी रानीगंज वार्ड नंबर 17, थाना कोतवाली पन्ना की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों आरोपी से क्रमशः 60 पाव और 55 पाव देशी सादा शराब बरामद की गई। जिसकी अनुमानित कीमत 8625 रुपए है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आरक्षक स्मिता ठाकुर, कुलदीप जाटव, रविप्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति और फोटोलाल प्रजापति के साथ जहान सिंह यादव, सोनू बुंदेला शामिल रहे।

### स्वास्थ्य विभाग ने ग्राम बख्तरी में आयोजित किया टीबी स्क्रीनिंग कैंप



**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना के ग्राम बख्तरी में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बख्तरी में टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सी.एच.ओ. श्रीमति रुचि पटेल, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दिनेश प्रताप सिंह , लैब टेक्नीशियन अमरेश कुमार शर्मा, एक्स रे टेक्निशियन रवि त्रिपाठी, एएनएम किरण प्रभा नपे, आशा सुभद्रा कुशवाहा ,सुमित्रा पटेल, अनिला राजपूत, गुलाब अहिरवार, द्वारा टीबी स्क्रीनिंग कैंप को संपादित किया गया। जिसमें 56 संभावित क्षय रोगियों का परीक्षण किया गया, जिसमें से 13 संभावित क्षय रोगी एक्स रे पॉजिटिव पाए गए।

# दोहरे हत्याकाण्ड, अवैध उत्खनन व शराब माफियाओं से क्षेत्र में अपराध बढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पार्टी ने अजयगढ़ में माधवगंज से लेकर थाने तक निकाली रैली





### थाने के सामने प्रदर्षन व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** जहां अजयगढ़ थाना अंतर्गत माधवगंज में विगत दिवसों में मां-बेटे की हत्या घटित हुई वहीं कांग्रेस ने अब राजनैतिक रूप से पुलिस प्रषासन को आड़े हांथों लेते हुए माधवगंज से लेकर अजयगढ़ थाने तक रैली निकाली। वहीं थाने के सामने प्रदर्षन किया इतना ही नहीं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस पार्टी ने पीड़ति परिवार को न्याय दिलाने व हत्यारों को जल्द पकड़े जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा हैं वहीं जल्द हत्यारे नहीं पकड़े गये तो व इनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो जिले में आंदोलन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रषासन की होगी यह बात कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अनीस खान ने अपनी मांग चेतावनी भरे लहजे में लिखी है। इतना ही नहीं अजयगढ़ में बाहर से आये लोगों को तत्काल सत्यापन कराया जाये साथ ही कांग्रेस पार्टी ने अवैध रेत खदान में यूपी के अपराधिक माफियाओं के कब्जे की बात कही है। साथ ही बंदूक धारी गुर्गों से क्षेत्र में अवैध उत्खनन व परिवहन हो रहा है। तत्काल रोक लगाये जाने की मांग की है एलएनटी, हर्षा इन्फ्राटेक्चर सहित अडानी गुरप जैसी कम्पनियों व रूंझ डेम व मझगांय डेम में भी कार्यरत लोगों के सत्यापन की बात कही गई है। साथ ही पन्ना जिले में एक ही शराब



का ठेकेदार होने के कारण अजयगढ़ में गली व मोहल्लों में अवैध शराब बेंची जा रही है इस तरह से जहां कई तरह के आरोपों को कांग्रेस पार्टी लगाया है। साथ ही पीडित परिवार को एक करोड़ की सहायता राषि की मांग की है प्रदान करने को लेकर वहीं डेढ़ वर्षीय बालक के भरण पोषण व षिक्षा का खर्च सरकार वहन करें। पीड़ति परिवार को तत्काल आवास योजना का लाभ दिया जाये। अजयगढ़ क्षेत्र में खुले आम घूम रहे शराब व खनन माफियाओं पर कार्यवाही की जाये। इतना ही नहीं अजयगढ़ में एसडीओपी सहित थाना प्रभारी व समस्त चौकी प्रभारियों को हटाया जाये। इनकी विभागीय जांच कराये जाने की भी बात रखी गई है। तथा माधवगंज में हुए दोहरे हतयाकाण्ड की घटना को लेकर न्यायिक जांच कराई जाये। इस तरह से कांग्रेस ने जहां इस घटना के बाद इस तरह से ज्ञापन व धरना रैली का प्रदर्षन किया सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि एक तरफ जहां मां-बेटे की हत्या हुई जो कांग्रेस ने तत्काल ही कई मुद्दों को इसके साथ पहली बार इस तरह से विरोध जाया किया है जबकि क्या कांग्रेस को अभी तक ये मुद्दे नहीं थे। मामला विपक्ष की राजनीति को लेकर चर्चा में है। साथ ही सभी चौकी प्रभारियों व थाना प्रभारियों तथा एसडीओपी सभी को हटाने की बात कही गई है। आखिरकार कांग्रेस जब सत्ता में थी तब क्या रेत का अवैध कारोबार बंद हुआ था। सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों की जुगल बंदी सदैव रेत के कारोबार में समाहित रही है। आज ही विरोध की दास्ता नजर आई हैं। आखिरकार जिस तरह से पुलिस के आला आधिकारियों के हटाने की बात कही जा रही है अजयगढ़ समूचे क्षेत्र में थाना व चौकी प्रभारियों को लेकर इससे यह माना जाये क्या पुलिस को ही कांग्रेस दोषी मान रही है। आखिरकार मामला चाहे मां-बेटे की हत्या को लेकर जो स्वयं ही संवेदनषील है वहीं राजनीति अब सड़क में नजर आने लगी। निष्चितौर पर राजनैतिक रूप से कांग्रेस ने अपने कई मुद्दों को इस हत्याकाण्ड के आक्रोष को ध्यान में रखकर जहां आम जनता का ध्यान अपनी ओर खीचने का पूरा कार्य किया है वरना अभी तक ये मुद्दे कांग्रेस को नजर क्या नहीं आये। जो अपने आप में सबसे बड़ा सवाल है नैतिकता तो यह है कि सदैव जब तक रेत का अवैध उत्खनन व शराब के अवैध कारोबार पर विरोम न लगे तक कांग्रेस क्या इसी तरह विरोध दर्ज करायेगी। या दोहरे हत्याकाण्ड के आरोपियों के पकड़े जाने तक ही कांग्रेस को ये मुद्दे नजर आयेगें देखना यह है कि आगे होता है क्या क्योंकि एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर राजनीति का पूरा दायित्व विपक्ष ने आम जनता के सामने अपनी कार्यप्रणाली को अंजाम दिया है। उक्त ज्ञापन में जहां पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे व भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस में चुनाव के समय आने वाले पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी साथ ही कल्पना वर्मा सहित कांग्रेस से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याषी भरत मिलन पाण्डेय व युवा नेता स्वतंत्र अवस्थी, रिंकू खान, मार्तण्ड बुन्देला, अंकित शर्मा, कदीर खान, जयराम यादव वहीं महिला नेत्रियों में रमा बुन्देला, रहीमा खतून, इतना ही नहीं आकाष जाटव व सत्यजीत सिंह व सैकड़ों कार्यकर्ता इस प्रदर्षन व ज्ञापन में नजर आये। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अनीस खान के नेतृत्व में यह रैली व थाना के सामने प्रदर्षन व ज्ञापन की कार्यवाही चर्चा में है।

# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में बीआईएस क्लब अंतर्गत "मानक लेखन प्रतियोगिता" आयोजित

**पन्ना।** संस्था बीआईएस मैंटर उत्कर्ष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार तथा संस्था प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में दिनांक 19.09.2025 को "द्रवित पैट्रोलियम गैस सिलिंडर" विषय पर मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलिंडर से संबंधित सुरक्षा मानकों, गुणवत्ता मानकों और उसके प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने एलपीजी सिलिंडर के सुरक्षित उपयोग, उसके रखरखाव, परिवहन और इसके प्रभावों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान छात्रों ने यह भी बताया कि किस प्रकार मानकों का पालन करने से न केवल दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है, बल्कि जीवन और संपत्ति की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अरविंद कुमार त्रिपाठी माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण उपरांत दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, ष्स्ल्ल सिलिंडर के सुरक्षित उपयोग के लिए मानकों का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल उद्योगों और घरों में सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने में भी मदद करता है।ष उन्होंने विद्यार्थियों को इस विषय पर गहन अध्ययन करने और मानकों की अहमियत को समझने की सलाह दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने अपनी लेखन क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया। उन्होंने द्रवित पेट्रोलियम गैस सिलिंडर के विभिन्न पहलुओं, जैसे उसकी डिजाइन, सुरक्षा उपाय, उपयोग में सावधानियाँ और पर्यावरणीय प्रभाव पर प्रकाश डाला। समारोह के अंत में, प्रतियोगिता के विजेताओं को उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान



किए गए। इस अवसर पर बीआईएस क्लब के मेंटर ने कहा, ष्हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम छात्रों को मानकों के बारे में जागरूक कर पा रहे हैं, जो उनके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों में मानक लेखन के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों के महत्व के प्रति जागरूक करने में सफल रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था की श्रीमति पूजा खरे एवं हरगोविंद कुर्मी ने किया। इस दौरान संस्था के राकेश द्विवेदी, देवब्रत चतुर्वेदी, हरीश पाठक, तथा अतिथि व्याख्याता कौशल कोरी, श्रीमति मोनिका गुप्ता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नदारद

**पवई।**



क्षेत्रीय नागरिकों में नाराज़गी का माहौल है क्योंकि आज सुबह 12:00 बजे तक पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डॉक्टर उपस्थित नहीं हुए। मरीज घंटों से इलाज के इंतज़ार में बैठे रहे लेकिन किसी भी डॉक्टर ने अस्पताल में उपस्थिति दर्ज नहीं की। जानकारी के अनुसार सभी डॉक्टर अपने-अपने निजी क्लीनिकों में दवा कर रहे हैं, जबकि अस्पताल में भर्ती और ओपीडी दोनों के मरीज बिना इलाज के परेशान हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यदि सरकारी अस्पताल में समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं होंगे, तो आम जनता को निजी क्लीनिकों पर निर्भर रहना पड़ेगा, जिससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक व मानसिक परेशानी झेलनी पड़ती है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पवई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और लापरवाह चिकित्सकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# शास प्राथमिक शाला नयागांव करही की बाउंड्री वॉल में लिखी अभद्र टिप्पणी

### ग्रामीणों में रोष, मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी, ग्रामीणों को दी समझाइश






अज्ञात शरारती तत्वों पर मामला दर्ज जांच में जुटी पुलिस

**पवई।** पवई थाना के ग्राम करही के शासकीय प्राथमिक शाला नयागांव में गुरुवार को उस समय अफरा तफरी एवं तनाव का माहौल बन गया,जब सुबह ग्रामीणों ने विद्यालय की बाउंड्री वाल पर भगवान श्री राम के लिए अभद्र शब्द लिखे देखें। देखते ही देखते पूरा गांव एकत्रित हो गया और इसकी जानकारी थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी को दी गई। थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइस दी गई,कि जिस किसी शरारती तत्व ने यह शरारत की है उसे बक्शा नहीं जाएगा,साथ ही बाउंड्री वॉल पर लिखे शब्दों को कलर से पुतवाया गया और ग्रामीणों की रिपोर्ट पर अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने कहा है कि यदि सात दिवस में यह कृत करने वाले शरारती तत्व पकड़े नहीं जाते हैं तो आंदोलन किया जाएगा। भगवान राम के प्रति किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत दिव्यांगों को वितरित की गई व्हीलचेयर

### खजुराहो सांसद ने किया वितरण,जनपद पंचायत परिसर में हुआ आयोजन







**पवई।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा देश भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।जिसमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का प्रारंभ किया गया,इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन सेवा पखवाड़ा के तहत चल रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जनपद पंचायत परिसर पवई में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें खजुराहो सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा भी पहुंचे सबसे पहले उनके द्वारा मां वीणा वादिनी और मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया, तत्पश्चात स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वाधान में लगभग 8 दिव्यांगों को व्हील चेयर प्रदान की गई।इस दौरान खजुराहो सांसद ने देशभर में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनको सशक्त बनाने के लिए चलाई जा रही सरकार की योजनाओं के बारे में उपस्थित नारी शक्ति को जानकारी दी तथा उन्हें सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, पवई विधायक प्रहलाद लोधी,पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश चतुर्वेदी,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष शारदा पाठक, जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी, मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया,मंडल अध्यक्ष लकी राजा,मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, एसडीएम समीक्षा जैन,सीईओ अखिलेश उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक, पत्रकार गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वेदनारायण अवस्थी ने किया।

# आदिवासी आय और ग्रामीण पोषण सुधार हेतु जे.के. सीमेंट का प्रयास



**सलेहा।** दक्षिण पन्ना वनमण्डल के अंतर्गत वन धन विकास केंद्र कल्दा को जे.के. सीमेंट, अमानगंज (पन्ना) द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ब्ै) कार्यक्रम के तहत सहयोग प्रदान किया गया है। अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक जे.के. सीमेंट प्रत्येक माह महुआ लड्डू की खरीद वन धन केंद्र कल्दा से करेगा। इन लड्डुओं का वितरण आंगनवाड़ी केन्द्रों और विद्यालयों में पोषण आहार के रूप में किया जाएगा। महुआ मध्य भारत के जंगलों में पाया जाने वाला अत्यंत उपयोगी वृक्ष है। इसके फूलों का संग्रहण आदिवासी संग्राहक प्रायः अप्रैलदृमई के महीनों में करते हैं। सुखाए गए महुआ फूलों को पीसकर आटे एवं अन्य प्राकृतिक सामग्रियों के साथ मिलाकर स्वादिष्ट लड्डू बनाए जाते हैं। महुआ लड्डू का सेवन ऊर्जा प्रदान करता है, यह आयरन, कैल्शियम एवं प्राकृतिक शर्करा का अच्छा स्रोत है और बच्चों के लिए पौष्टिक आहार के रूप में लाभकारी सिद्ध होता है। वन धन विकास केंद्र कल्दा, आदिवासी संग्राहकों को संगठित कर उनके द्वारा एकत्रित किए गए वनोपज का मूल्य संवर्धन करता है। इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय आदिवासी महिलाएँ और संग्राहक प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन की गतिविधियों में भागीदारी कर रहे हैं, जिससे उनकी आय और आत्मनिर्भरता में वृद्धि हो रही है। महुआ लड्डू का वितरण बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करने के साथ-साथ स्थानीय आदिवासी समुदाय को भी स्थायी आजीविका का अवसर प्रदान करेगा। लड्डुओं के नमूनों का परीक्षण पहले एफएसएसएआई मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में कराया जाएगा, जिससे गुणवत्ता एवं सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य संवर्धन और आदिवासी समाज की आय वृद्धि, दोनों ही मोर्चों पर एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सांसद खेल महोत्सव के लिए रजिस्ट्रेशन में दिखा उत्साह





**अमानगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव के लिए जिलेभर में बड़ी संख्या में रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। इस अवसर पर जिले के संयोजक अंगद प्रजापति, मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रशांत चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक एवं मंडल संयोजक आनंद सिंह राजपूत ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया तथा सभी छात्रों से अपने साथियों को भी खेल महोत्सव से जोड़ने की अपील की।

# देवेंद्रनगर में श्रीमद्भागवत कथा महापर्व की पावन पूर्णाहुति



### सिद्ध संत के श्रीमुख से सात दिवसीय अमृतवाणी हवन, भंडारा व ब्राह्मण भोजन में उमड़ा जनसैलाब

**देवेंद्रनगर ।** आर.के. गार्डन, सलेहा रोड, देवेंद्रनगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा महापर्व की 19 सितम्बर को पावन पूर्णाहुति हुई। वेदोक्त मंत्रोच्चार के बीच विशाल हवन, पूजन, भंडारा और ब्राह्मण भोजन का आयोजन हुआ, जिसमें नगर ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों व शहरों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।इस दिव्य कथा का आयोजन भाजपा नेता आशीष तिवारी एवं उनके छोटे भाई आकाश तिवारी ने संपन्न करवाया। कथा के मुख्य श्रोता स्मृतिशेष अमित तिवारी (संदीप तिवारी) की धर्मपत्नी प्रीति तिवारी एवं उनका बेटा चिराग तिवारी रहे। यह आयोजन उनके स्वर्गीय पिता राजकुमार तिवारी (सूरज महाराज), माता स्वर्गीय उषा तिवारी (भाजपा की नेत्री) और बड़े भाई स्मृतिशेष अमित (संदीप) तिवारी की स्मृति को समर्पित रहा।कथा का वाचन पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से हुआ। स्वामी जी न केवल मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में बल्कि पूरे भारत में अपनी गहन ज्ञानवाणी, आध्यात्मिक नेतृत्व और अनुयायियों के प्रति प्रेरक दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध हैं। नगरवासियों ने कहा कि देवेंद्रनगर में इतने बड़े संत के श्रीमुख से कथा सुनने का यह पहला अवसर था, जिससे नगर की धरा धन्य हुई।विशेष बात यह रही कि जूना अखाड़े के सिद्ध संत द्वारा कथा सुनने पूरे क्षेत्र से धर्मप्रेमी जन पहुंचे। सातों दिन कथा के अतिरिक्त समय में भी स्वामी जी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।हवन में आहुति देकर भक्तों ने नगर व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भंडारे और ब्राह्मण भोजन में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और भागवत कथा का दिव्य आनंद लिया। श्रद्धालुओं ने दिवंगत परिवारजनों को मन ही मन श्रद्धांजलि अर्पित की और आशीष तिवारी परिवार को भावुक होकर शुभकामनाएँ दीं।आयोजन के भव्य स्वरूप, श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति और संतश्री आत्मानंद गिरि जी के आशीर्वाद ने इसे देवेंद्रनगर के धार्मिक इतिहास में एक अविस्मरणीय अध्याय बना दिया।

## खबर संक्षेप

### रनगुवां बांध में बढ़ी पानी की आवक, खोले गए फाटक

**छतरपुर।** रनगुवां बांध के भराव क्षेत्र में पानी की बढ़ती आवक के मद्देनजर सिंचाई विभाग के एसडीओ सौरभ श्रीवास्तव और जूनियर इंजीनियर प्रेम प्रकाश वर्मा के आदेश पर 18 सितंबर की शाम 5 बजे तीन फाटक और रात 9:30 बजे चार फाटक खोले गए। जूनियर इंजीनियर प्रेम प्रकाश वर्मा ने बताया कि बांध की सुरक्षा को देखते हुए आवश्यकता अनुसार फाटकों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि रनगुवां बांध का पानी निकासी और बांध प्रबंधन का अधिकार उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग बांदा को है। मध्य प्रदेश के सिंचाई विभाग को 33 प्रतिशत पानी किसानों की कृषि सिंचाई के लिए मिलता है, जिसकी देखभाल विभाग को करनी होती है। सितंबर माह में निर्धारित जलभराव 764 से कम होने के कारण यह रूटीन कदम उठाया गया। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर फाटक खोले गए, जबकि मध्य प्रदेश को 33 प्रतिशत पानी का हिस्सा मिलता है।

### गायत्री शक्तिपीठ में पितृ मोक्ष अमावस्या पर होगा सामूहिक श्राद्ध तर्पण

**छतरपुर।** गायत्री शक्तिपीठ में पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित हो रहा है। 7 सितंबर से शुरू हुए इस कार्यक्रम में नगर के परिजन और धर्मप्रेमी अपने पूर्वजों को कृतज्ञ भाव से श्राद्ध तर्पण कर रहे हैं। 21 सितंबर को दो पालियों में वैदिक विधि-विधान से मुख्य आयोजन होगा।

रविवार को गायत्री शक्तिपीठ में पितृ मोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध तर्पण का आयोजन दो पालियों में होगा। प्रथम पाली प्रातः 6:15 बजे से और द्वितीय पाली 9:15 बजे से शुरू होगी। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि श्री संदीप परिव्राजक ने बताया कि 7 सितंबर से चल रहे श्रद्धा तर्पण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग श्रद्धा-निष्ठा से भाग ले रहे हैं। गायत्री परिवार छतरपुर ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से अपील की है कि इस पुण्य अवसर पर शामिल होने के लिए मोबाइल नंबर 7415307495 पर पंजीयन कराएं, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके।

### गभर्वती महिला को सबसे जहरीले ने सर्प कॉमन करैत ने डसा



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के बिजावर नाका के समीप झोपड़ी बनाकर रहने वाले एक परिवार की गर्भवती महिला को देश के सबसे जहरीले ने सर्प कॉमन करैत द्वारा डसे जाने का मामला सामने आया है। फिलहाल महिला को गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। महिला को डसने के बाद सांप झोपड़ी में ही बैठा था, जिसे एक सर्पमित्र की मदद से जंगल में छोड़ा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छतरपुर के बिजावर नाका के समीप एक निर्धन परिवार झोपड़ी बनाकर रहता है। परिवार की एक महिला 7 से 8 माह की गर्भवती है, जिसे बीती रात जहरीले सर्प ने डस लिया। हादसे के बाद परिजन महिला को जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर ले जाने की सलाह दी। हालांकि परिजनों ने डॉक्टरों की सलाह मानने की बजाय झाड़-फूंक में विश्वास दिखाया और अस्पताल से निकल गए। कुछ समय पश्चात जब परिवार के सदस्य वापिस झोपड़ी में पहुंचे तो सांप उन्हें फिर से दिखाई दिया। इसके बाद सर्प मित्र सुनील प्रजापति को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद सुनील ने सांप को पकड़ लिया और बताया कि यह सांप कॉमन करैत प्रजाति का है, जो देश के सबसे जहरीले सांपों में से एक है। इसके बाद परिवार के लोग गंभीर हुए और तुरंत महिला को लेकर ग्वालियर रवाना हो गए। वहीं दूसरी ओर सुनील ने सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ा।

---

शिवाय खाद बीज एवं कृषि भण्डार पर अधिक दामों में खाद बेंचने के आरोप, एफआईआर दर्ज कराए जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी

# खाद की समस्या को लेकर किसानों ने फोर लाइन में दूसरे दिन भी लगाया जाम






छतरपुर।

एक ओर रबी फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन व कृषि विभाग पूरे प्रयास कर रहा है। तो वहीं अधिक लाभ कमाने के चक्कर में प्राइवेट डीलर खाद की कालाबाजारी कर रहें है। जिससे किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है। गुरूवार को इफको किसान सेवा केन्द्र के सामने किसानों ने जाम लगाया था। और यह भी कहा था कि जहां गांव गांव शराब की दुकानें खुल सकती है तो खाद की दुकानें क्यों नही। इफको किसान सेवा केन्द्र में खाद आया था वह भी कालाबाजारी के जरिए बेंच दिया गया, तो वहीं आज दूसरे दिन शुक्रवार को भी किसानों का गुस्सा आसमान पर देखा गया। खाद की समस्या को लेकर किसानों ने शुक्रवार को फोर लाइन में जाम लगा दिया। किसानों का आरोप था कि शिवाय खाद बीज एवं कृषि भण्डार के द्वारा खाद की कालाबाजारी की जा रही है। और रातों रात स्टाक भी गायब किया जा रहा है। जो स्टाक उक्त बीज भण्डार में गुरूवार की रात को था वह स्टाक सुबह 6.55 मीट्रिक टन कम पाया गया। जिसकी शिकायत कृषि विभाग के अधिकारियों ने उपसंचालक कृषि और एसडीएम से की है। तथा वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ने शिवाय खाद बीज एवं कृषि भण्डार से 6.55 मीट्रिक टन स्टाक कम होने का प्रतिवेदन बनाकर बरिष्ठ अधिकारियों को भेज दिया है। जिस पर अब उक्त बीज भण्डार के विरूद्व न केवल कार्यवाही होगी। बल्कि लाइसेंस निरस्त होगा और एफआईआर भी कराई जाएगी ऐसा कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है।

### अधिक दामों मे बेची डीएपी, बीडियों हो रहा वायरल

शिवाय खाद बीज एवं कृषि भण्डार द्वारा डीएपी खाद अधिक दामों पर बेची गई। जिसका एक विडिओ भी अब वायरल हो रहा है। किसानों का आरोप है कि 1350 की डीएपी 1600 रूपए में बेची गई। किसानों से पॉश मशीन में अगूठा जरूर लगवाएं गए, लेकिन उन्हें पॉश मशीन से निकली हुई पर्ची नही दी गई। पर्ची न देने पर ही पूरा खेल चल रहा है। यहीं हाल अन्य वितरण केन्द्रों में भी देखने को मिल रहा है।

### मौके पर पहुंचे थे सीएसपी और ओरछा रोड़ थाना प्रभारी

शिवाय खाद बीज एवं कृषि भण्डार धमौरा द्वारा खाद की कालाबाजारी करने पर किसानों ने जब फोर लाइन पर जाम लगाया, तो दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। जाम की खबर लगते ही सीएसपी अरूण सोनी और ओरछा रोड़ थाना प्रभारी दीपक यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाकर किसी तरह से खाद वितरण शुरू कराया। तब कहीं फोर लाइन का जाम खतम हुआ मौके पर चार पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए। तो वहीं कृषि विभाग के कर्मचारी और पटवारी की ड्यूटी लगाई गई। लेकिन दोपहर के समय पटवारी साहब खाद वितरण स्थल से गायव थे। कृषि विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि वह भोजन करने गए है। मौके पर मौजूद किसानों ने भी यहीं आरोप लगाए कि रात को एक पिकअप खाद गायब कर दी गई है। जबकि किसान को एक एक बोरी खाद के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

### एफआईआर दर्ज कराए जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी

जिले में किसानों को सुगम तरीके से निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराने एवं खाद के अवैध भण्डारण के विरूद्ध कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में दुकानों की निगरानी के कृषि विस्तार अधिकारी एवं पटवारियों को नियुक्त किया गया है। जो प्रतिदिन के स्टॉक का वेरिफिकेशन एवं मिलान कर रही है। इसी क्रम में माया कुशवाहा शिवाय खाद बीज भण्डार धमौरा को ईफको कंपनी द्वारा 30 मी.टन डीएपी उर्वरक भण्डारित किया गया था। जिसकी जांच और मिलान 18 सितम्बर को कृषि विभाग द्वारा दुकान बंद करते समय शाम को की गई और अगले दिन सुबह फिर से स्टॉक का मिलान किया गया जिसमें डीएपी की मात्रा शून्य मी.टन पाई गई। जिसके विरूद्ध माया कुशवाहा धमौरा को कृषि अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। क्यों न इनके विरूद्ध उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत अवैधानिक रूप से उर्वरक विक्रय करने के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही हेतु एफआईआर दर्ज कराई जाए और क्यों न तत्काल प्रभाव से लायसेंस निरस्त किया जाए। संबंधित से तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है। जवाब संतुष्टि पूर्वक नहीं होने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

### इनका कहना है -

गुरूवार की रात को जो स्टाक चेक करके गोदाम बंद कराया गया था वह स्टाक सुबह नहीं पाया गया है। कुछ खाद की बोरियां कम पाई गई। जिस पर हमारे बरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी ने प्रतिवेदन बनाकर मेरे पास भेजा है। जल्द ही शिवाय खाद बीज एवं कृषि भण्डार धमौरा का लाइसेंस निरस्त कर एफआईआर कराने की कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. रवीश सिंह**
प्रभारी उपसंचालक कृषि छतरपुर

---

# अज्ञात वाहन ने आधा दर्जन से अधिक गौवंश को रौंदा

फोरलेन पर हुई दर्दनाक घटना, कलेक्टर के आदेश पर उठे सवाल



**छतरपुर।** जिला प्रशासन और गौसेवक भले ही गौवंश को सहेजने के लिए प्रयासरत हों लेकिन आवारा गौवंश अब भी सड़कों पर बैठ रहा है और हादसों में काल का ग्रास बन रहा है। ताजा मामला जिले के बमीठा थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां बीती रात हुई एक घटना में आधा दर्जन से अधिक गौवंश की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद कलेक्टर का वह आदेश भी चर्चा में है, जो कुछ दिन पहले उनके द्वारा जारी किया गया था। दरअसल उक्त आदेश में कलेक्टर ने आवारा गौवंश को पकड़कर गौशाला भेजने के निर्देश दिए थे लेकिन उसका पालन नहीं हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार झाँसी-खजुराहो फोरलेन पर गंज ओवरब्रिज के पास रात के वक्त किसी अज्ञात वाहन ने आधा दर्जन से अधिक गौवंश को रौंद दिया। आरोप है कि घटना के कुछ समय बात ही स्थानीय लोगों ने फोरलेन ऑथ्योरिटी को सूचना दी थी लेकिन कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, परिणामस्वरूप गौवंश के क्षत-विक्षत शव रात भर सड़क पर पड़े रहे। फोरलेन पर आए दिन हो रही इस तरह की घटनाओं से लोगों में आक्रोश पनप रहा है। इस मामले में गौसेवकों ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही गौसेवकों ने कलेक्टर द्वारा कुछ दिन पहले जारी किए गए उस आदेश पर भी सवाल उठाए हैं, जिसमें कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले को आवारा गौवंश को गौशाला भेजने के निर्देश दिए थे। गौसेवकों ने बताया कि क्षेत्र में दर्जनों गौशालाएं संचालित हो रही हैं, जिनके संचालक कागजों में गौवंश की संख्या दिखाकर शासकीय राशि को हड़पने का काम कर रहे हैं। यदि गौशाला संचालक ईमानदारी से काम करें तो सड़कों पर बैठने वाले गौवंश को आश्रय मिल सकता है, साथ ही इस तरह की दुर्घटनाओं से भी उन्हें बचाया जा सकता है।



### गर्ल्स कॉलेज एवं आईटीआई संस्थान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में सेवा पखवाड़े अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। साथ ही ग्राम एवं निकाय स्तर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान में स्वच्छता कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही कॉलेजों और स्कूलों में रंगोली बनाए जाने, चित्रकला, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय छतरपुर एनएसएस विभाग द्वारा एनएसएस विभाग में विकसित भारत 2047 थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर लगभग महाविद्यालय की 41 एनएसएस स्वयंसेवकों एवं छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भागीदारी सुनिश्चित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन एनएसएस प्रभारी डॉ. नीरज निरंजन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर सीता पटेल भी उपस्थित रहीं। इसके अलावा आई.टी.आई संस्थान छतरपुर में भी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

---

# शासकीय शिक्षक पर लगे धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप

### अभिभावकों ने स्कूल में किया प्रदर्शन, अधिकारी मौके पर पहुंचे



**छतरपुर।** गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के एक शासकीय स्कूल में पदस्थ शिक्षक पर स्कूली छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने उनकी धार्मिक भावनाएं आहत करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिक्षक से नाराज अभिभावक स्कूल में प्रदर्शन करने पहुंच गए, जिसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें शांत कराया।

मामला गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल निवारी का है, जहां पदस्थ शिक्षक भवानीदीन अहिरवार पर स्कूल के बच्चों और उनके अभिभावकों ने आरोप लगाए हैं। बच्चों का कहना है कि शिक्षक भवानीदीन उन्हें टीका लगाने और कलावा बांधन से रोकते हैं। इतना ही नहीं अध्यापन के दौरान वे कई बार हिंदु धर्म के देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी भी करते हैं। बच्चों ने जब इसकी शिकायत अपने अभिभावकों से की तो शुक्रवार को नाराज अभिभावक स्कूल पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलने के बाद छतरपुर तहसीलदार पियूष दीक्षित, गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी रीता सिंह और एडीपीसी व्योम जॉर्ज मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की समझाइश पर अभिभावक शांत हुए और अभिभावकों का शिकायती आवेदन लेकर जांच का भरोसा दिया।

# आधा दर्जन युवकों ने की मारपीट

### घायल की नाक टूटी, पुलिस ने दर्ज किया मामला



**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक लड़के के साथ आधा दर्जन युवकों द्वारा मारपीट किए जाने की घटना सामने आई है। पीड़ित ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से उसे तथा उसके परिवार को जाने से मारने की धमकियां भी दे रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

ग्राम कैंड़ी निवासी केशव उर्फ किशन कुशवाहा ने बताया कि वह किसी काम से छतरपुर आया था, इसी दौरान गल्ला मंडी में गांव के सत्यम कुशवाहा, रविन्द्र पटेल और राजेश कुशवाहा सहित करीब आधा दर्जन युवकों ने उसे रोका और जबरन अपनी गाड़ी पर बैठाकर बगराजन मंदिर के पास ले गए। केशव के मुताबिक बगराजन मंदिर के पास उक्त सभी ने मिलकर उसके साथ कट्टे की बट और लाठी-डंडों से बेतहाशा मारपीट की। मारपीट में उसके हाथ-पैर में चोट आई है, साथ ही उसकी नाक भी टूट गई है। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण केशव को ग्वालियर रेफर किया गया है। केशव ने बताया कि घटना के बाद आरोपी लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से उसे तथा उसके परिवार को जाने से मारने की धमकियां भी दे रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी के मुताबिक केशव की शिकायत पर तीन आरोपियों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया है, घायल का मेडिकल परीक्षण करवाकर प्रकरण की विवेचना की जा रही है।

---

# पर्यटन को बढ़ाने एडवेंचरस गतिविधियों को बढाएंः कलेक्टर

### जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न



**छतरपुर।** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् (डीएटीसीसी) की बैठक कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल (डीएटीसीसी) जी.एस. पटेल, एसडीएम राजनगर प्रशांत अग्रवाल, सीईओ, सीएमओ, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं संबंधित विभागों के परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

डीएटीसीसी की बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई और आर्कषक पर्यटन स्थल में अधोसंरचना विकास, पुरातत्व संपत्तियों के संरक्षण एवं पर्यटन को बढ़ाने विभिन्न गतिविधियों के प्रस्ताव अनुमोदन हेतु भेजे गए। साथी ही परिषद के सुझाव भी लिए गए। कलेक्टर श्री जैसवाल ने क्षेत्र में पर्यटन विकसित करने एवं रोजगार की दृष्टि से खजुराहो रेलवे स्टेशन पर महिला स्टॉल, पश्चिमी मंदिर समूह तक वृद्ध एवं दिव्यांगजनों की पहुंच के लिए ई-कार्ट गाड़ी, रनेहफॉल वाले क्षेत्रों में आजीविका मिशन को एक समूह चिन्हित कर एक फूड स्टॉल और टेराकोटा आदि के स्टॉल के प्रस्ताव को भेजने के नोडल अधिकारी को निर्देश दिए। छतरपुर के प्रताप सागर तालाब में जल क्रीड़ा गतिविधियां कराने के लिए झांसी की संस्था को स्वीकृति दी गई। साथ ही उन्होंने कहा कि एडवेंचरस गतिविधियों को बढाएं। कलेक्टर ने विधायक राजनगर अरविंद पटैरिया द्वारा ग्राम सूरजपुरा, पहाड़ीबावन, टपरिया, राजामोटे, भुसौर को पर्यटन ग्राम में जोड़े जाने का प्रस्ताव भी भेजने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने जनपद सीईओ को निर्देश दिए कि चंदेलकालीन तालाबों को चिन्हित कर उनके सौन्दर्यीकरण और घाट निर्माण कराने का कार्य करें। कलेक्टर ने खजुराहो में पर्यटन गतिविधियों का 1 वर्षीय कलैण्डर भी निर्धारित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि खजुराहो फेस्टिवल के दौरान स्काई डाईविंग भी की जाएगी। कलेक्टर ने कम बजट वाले पर्यटकों को बढ़ाने के लिए भी नए होमस्टे के प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। उन्होंने आरटीओ को निर्देश दिए कि छतरपुर से पन्ना के लिए टूरिस्ट बसें बमीठा से सीधे चली जाती है। जिसके लिए बस ऑपरेटर से मीटिंग कर खजुराहो से गमन कराने का वर्कआउट कर तैयारी करने के निर्देश दिए, जिससे खजुराहो में लोगों का पर्यटन बढ़े।

# लोक कल्याण मेले में स्वच्छता और आत्मनिर्भरता का दिया गया संदेश

### स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने लगाए स्टॉल

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में सेवा पखवाड़े अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। साथ ही ग्राम एवं निकाय स्तर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान में स्वच्छता कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को नगरपालिका परिषद छतरपुर द्वारा लोक कल्याण मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया द्वारा किया गया।



एनआरएलएम के नेतृत्व में मेले में स्व-सहायता समूहों ने अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। जिसमें इंदिरा तेजस्वनी स्व-सहायता समूह पड़वाहा ने हैंडमेड ज्वैलरी, रोशनी स्व-सहायता समूह धमना ने टेराकोटा की वस्तुएं, उज्ज्वला स्व-सहायता समूह पड़रिया ने सरसों तेल और मालादेवी स्व-सहायता समूह कैथोकर ने हैंडलूम उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई। आगंतुकों ने इन उत्पादों की सराहना की और स्टॉल का अवलोकन भी किया। मेले में खास तौर पर शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स को शासन की योजनाओं का लाभ दिया गया और पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक श्याम गौतम ने स्व-सहायता समूहों की जानकारी दी। एसबीआई एफएलसी से एम.एल. दीक्षित ने समूह के सदस्यों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेन-देन और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के बारे में बताया। वहीं मेले में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने घर, गली और मोहल्ले को साफ-सुथरा रखेंगे और स्वच्छता अभियान में योगदान देंगे। मेले में नगरपालिका उपाध्यक्ष विकेंद्र बाजपेयी सहित पार्षदगण, निकाय के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 5 दिन से लापता किशोर का शव गांव के कुएं से मिला, चार आरोपी, सगरा थाना के कपुरी गांव की हुई वारदात

**रीवा।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कपुरी गांव में 17 वर्षीय नाबालिग की निर्मम हत्या से सनसनी फैल गई। बीते 12 सितंबर से लापता चल रहे किशोर अर्पित विश्वकर्मा का शव गांव में ही एक कुएं से बरामद किया गया है। जांच में सामने आया कि अर्पित की गला घोंटकर हत्या करने के बाद, आरोपियों ने उसके शव को ठिकाने लगाने की नीयत से कमर में पत्थर बांधकर कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए चार संदेहियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि एक अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है। थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि अर्पित का गांव के ही कुछ युवकों से मामूली विवाद हुआ था। बीते 8 सितंबर को अर्पित ने आरोपियों में से एक से मारपीट भी की थी, जिससे नाराज होकर आरोपियों ने उसकी हत्या की साजिश रची। पुलिस के अनुसार, आरोपी मनोज प्रजापति और उसके तीन साथियों ने पहले अर्पित की गला घोंटकर हत्या की, फिर शव को गमछे में पत्थर बांधकर बोरे में बंद किया और कुएं में फेंक दिया। अर्पित 12 सितंबर की रात घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने 14 सितंबर को सगरा थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस व ग्रामीणों द्वारा तलाश की जा रही थी। इसी बीच, 18 सितंबर गुरुवार को गांव के एक इदारा स्थित कुएं में अर्पित का शव तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अर्पित अक्सर उन्हें डराया-धमकाया करता था और घटना से कुछ दिन पहले उनमें से एक के साथ मारपीट भी की थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने हत्या की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मृतक अर्पित विश्वकर्मा के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। हत्या के मामले में आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।ब्लॉक्सआरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल पुलिस ने बताया कि पुरानी रंजिश में किशोर की हत्या किए जाने की बात सामने आई है, एक पड़ोसी सहित 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों में जिन पांच लोगों के आए हैं. उनमें एक नाबालिग है। आरोपियों में मनोज प्रजापति, संजीत प्रजापति, विकास प्रजापति और बिल्लू प्रजापति शामिल बताए गए हैं।

# मुख्यमंत्री ने त्योंथर को दी 162.31 करोड़ के निर्माण कार्यों की सौगात

त्योंथर उत्तर प्रदेश के लिए मध्यप्रदेश का प्रवेश द्वार है मुख्यमंत्री ने की त्योंथर के सिविल अस्पताल को सौ बिस्तरों के अस्पताल में उन्नयन की घोषणा मुख्यमंत्री ने त्योंथर में आईटीआई तथा 400 एकड़ में औद्योगिक विकास केंद्र के निर्माण की घोषणा की

रीवा ।






मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के चाकघाट कृषि उपज मंडी में आयोजित विंध्य विकास संकल्प सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए मध्यप्रदेश का प्रवेश द्वार है। यहां टमस नदी की अपार जलराशि और पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। यहां शीघ्र ही औद्योगिक विकास केंद्र की स्थापना की जाएगी। इससे औद्योगिक विकास होगा। जबसे डबल इंजन की सरकार बनी है तबसे पूरे प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। मैं पिछले साल ही त्योंथर आना चाहता था, लेकिन नहीं आ सका। त्योंथर के पूर्व विधायक तथा विधानसभा अध्यक्ष श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी के जन्मदिन पर भी मुझे यहां आना था, लेकिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना जन्मदिन मनाने के लिए मध्यप्रदेश के आदिवासियों और गरीबों के बीच में 17 सितंबर को आए। प्रधानमंत्री ने 200 एकड़ क्षेत्र में देश के सबसे बड़े टेक्सटाइल पार्क की नींव रखी। इससे 6 लाख कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंच पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया।

**मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी संस्थान द्वारा 125 करोड़ रुपए की लागत से कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना की जा रही है।**

इसका आज भूमि पूजन किया गया है। इससे क्षेत्र की धान की पराली और भूसे की समस्या से निजात मिलेगी। किसानों को फसल के साथ-साथ फसल अवशिष्ट के भी दाम मिलेंगे। साथ ही बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे हर साल 18000 टन खाद का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री ने त्योंथर सिविल अस्पताल में 50 बिस्तर को 100 बिस्तरों में उन्नयन करने की घोषणा की।मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योंथर में आईटीआई तथा 400 एकड़ क्षेत्र में औद्योगिक विकास केंद्र का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने हाल ही में लाड़ली बहनों को 1250 रुपए की जगह 1500 दिए गए हैं। त्योंथर में दशहरा, दीवाली में तो आनंद और उल्लास होगा ही उसके पहले ही 162.31 करोड़ की सौगात दी गई है। इससे पूरे क्षेत्र का नक्शा बदल जाएगा। हमारी सरकार शिक्षा, स्वरोजगार और औद्योगिक विकास के लिए हर संभव सहायता दे रही है। रीवा की पहचान सुंदरजा आम है। एक एकड़ में आम की बगिया लगाने पर 4 लाख 10 हजार रुपए दिए जा रहे हैं। बाग भी आपका आमदनी भी आपकी और आम भी आपके। गौपालन करने पर 25 गायों की गौशाला पर 40 लाख रुपए तक की योजना है। इसमें से 10 लाख रुपए अनुदान दिया जा रहा है। कोई बीमार होता है तो उसे आयुष्मान कार्ड से निशुल्क उपचार की सुविधा है। जरूरत पड़ती है तो हेलीकॉप्टर और एयर एंबुलेंस से गंभीर रोगी को बड़े अस्पताल पहुंचाते हैं। विंध्य की भूमि भगवान राम की रही है। चित्रकूट धाम के विकास के लिए 2250 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। प्रदेश में भगवान कृष्ण से जुड़े स्थानों का भी विकास किया जा रहा है। प्रदेश के प्रत्येक नगर पंचायत में गीता भवन का निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजना के हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने तीन उद्योगपतियों को उद्योग लगाने के लिए भूमि आवंटन पत्र प्रदान किया। समारोह में गोपाल ने दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने की सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री जी का अभिनंदन किया।

**समारोह में सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि गैस प्लांट की स्थापना से पराली की समस्या हल होगी।**

हमारी सरकार ने त्योंथर क्षेत्र में पुल, नहर और सड़कों की कई सौगातें दी हैं। यहां के लिए स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं से अगले 5 सालों में हर खेत में सिंचाई की सुविधा होगी। समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए विधायक त्योंथर श सिद्धार्थ तिवारी राज ने कहा कि मुख्यमंत्री का हर क्षण प्रदेश के विकास के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री सही मायने में कर्मयोगी की हैं। लोक निर्माण विभाग ने 170 करोड़ की सड़कों का निर्माण किया है। दोनों नगर पंचायत को दो करोड़ रुपए तथा क्षेत्र को दो विद्युत सब स्टेशन और एक स्टेडियम की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने त्योंथर औद्योगिक क्षेत्र विकास की सौगात दी है। इससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा तथा क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा। त्योंथर, प्रयागराज और बनारस भी औद्योगिक कॉरिडोर का विकास होने से पूरा विंध्य विकास में अग्रणी बनेगा

समरोह में सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक गुढ़ नागेंद्र सिंह, विधायक मऊगंज शप्रदीप पटेल, विधायक मनगवां नरेंद्र प्रजापति, विधायक व्यौहारी शरद कोल, विधायक पवई प्रहलाद सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल तथा पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता, डॉ अजय सिंह, पूर्व विधायक डॉ पंचूलाल प्रजापति, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सम्मेलन मंब क्षेत्रीय लोक गायिका राखी द्विवेदी ने रोचक और मनोरंजक लोकगीत प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री का स्वागत आदिवासी लोक नृत्य गुदुम बाजा से किया गया।

# वृद्ध महिला से चेन स्नैचिंग करने वाले दो युवक और एक कॉलेज छात्रा गिरफ्तार



**रीवा।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पाण्ड़ेन टोला में बीते दिनों दिनदहाड़े हुई चेन स्नैचिंग की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो पुरुषों सहित एक युवती को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पीड़िता की सोने की चेन और वारदात में प्रयुक्त काले रंग की बुलेट मोटरसाइकिल भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, 15 सितंबर की दोपहर लगभग 2:30 बजे 70 वर्षीय कुसुम नामदेव, जो संजय गांधी अस्पताल में आंख की जांच करवा कर पैदल ही अपने घर पाण्ड़ेन टोला लौट रही थीं, तभी पीछे से आई एक युवती ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली और पास में खड़ी एक बुलेट बाइक में सवार होकर फरार हो गई। बाइक पर पहले से एक पुरुष और एक महिला सवार थे। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ सिटी कोतवाली थाना पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और संदिग्धों की पहचान के लिए घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की।कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर पाण्ड़ेन टोला निवासी विवेक उर्फ गोलू बेलदार (23 वर्ष) और जबलपुर निवासी अभिषेक महात्मा उर्फ जीजा (30 वर्ष) को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया और अपनी महिला साथी अर्पिता रावत (20 वर्ष), निवासी लौआ लक्ष्मणपुर सगरा का नाम भी उजागर किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार युवती ने ही वृद्ध महिला की चेन छीनी थी और घटना के बाद साथी आरोपियों के साथ बुलेट बाइक से भाग निकली थी।बॉक्स गिरफ्तार आरोपीअभिषेक महात्मा उर्फ जीजा, पिताः स्व. बलराम स्वीपर, उम्रः 30 वर्ष, निवासीः अनुराधा कॉलोनी, धोबीघाट बगिया, थाना कैंट, गोरा बाजार, जबलपुर, विवेक बेलदार उर्फ गोलू, पिताः संतोष बेलदार, उम्रः 23 वर्ष, निवासीः पाण्ड़ेन टोला, अर्पिता रावत, पिता शंकर लाल रावत, उम्र 20 वर्ष, निवासी लौआ लक्ष्मणपुर सगरा।

# औद्योगिक निवेश से विन्ध्य एवं त्योंथर को विकास की नई गति मिलेगी मुख्यमंत्री नवम्बर माह में बनारस में होगी इंडस्ट्रियल समिट




**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि औद्योगिक निवेश से विन्ध्य एवं त्योंथर को विकास की नई गति मिलेगी। उन्होंने उद्यमियों को आमंत्रित किया कि वह रोजगार परक उद्योग लगायें सरकार इसमें हर संभव मदद करेगी। उन्होंने बनारस से आये उद्यमियों के आग्रह पर घोषणा की कि नवम्बर माह में काशी विश्वनाथ की नगरी में इंडस्ट्रियल समिट का आयोजन होगा। चाकघाट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्यमियों से वन टू वन चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप हम स्वदेशी के मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। आप सभी उद्यमी अपने उद्योग स्थापित करने के लिये आयें शासन स्तर से हर संभव मदद दी जायेगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में हम देश में उच्चतम स्तर पर होंगे। उन्होंने उद्यमियों को पराली से संबंधित व फूड प्रोसेसिंग से संबंधित उद्यम स्थापना के साथ अन्य क्षेत्र के उद्योग स्थापना के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा जिले में मऊगंज व त्योंथर विद्यानसभा क्षेत्रों में पर्याप्त भूमि की उपलब्धता है। औद्योगिक क्षेत्र विकास की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि उद्यमी स्वयं अपने पूजी निवेश से परिसर बनाकर उद्योग स्थापित करते हैं तो उन्हें हम पूरी सुविधा व मदद देंगे। डॉ. यादव ने त्योंथर में कम्प्रेस्ड वायोगैस प्लांट के भूमिपूजन की बधाई दी तथा अपेक्षा की कि इससे स्थानीय जनों को लाभ मिलेगा। पराली की समस्या से निजात मिलेगी तथा जैविक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस के अवसर पर कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी अपने जन्मदिवस पर मध्यप्रदेश में उपस्थित रहे और उन्होंने पीएम मित्र पार्क के माध्यम से इंडस्ट्रियल क्षेत्र को सौगात दी जो रोजगार उपलब्धता में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्यमियों को प्रदेश में निवेश के लिये आमंत्रित किया तथा कहा कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। बनारस रामनगर के 17 उद्यमियों के प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि रीवा जिले में एक हजार करोड़ का निवेश करेंगे। उद्यमियों के वन टू वन कार्यक्रम में रामनगर उद्योग एसोशियेसन ने अंगवस्ताम व काशी विश्वनाथ मंदिर की प्रतिकृति मुख्यमंत्री जी को भेंट की। वन टू वन चर्चा के दौरान डी.एस. मिश्रा अध्यक्ष रामनगर उद्योग संघ वाराणसी, राकेश जायसवाल, दिलीप सिंह अध्यक्ष म.प्र. चावल संघ तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम योजनान्तर्गत उद्यमी अमित गौतम ने मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश की आकर्षक उद्योग नीति से उत्साहित होकर हम प्रदेश में निवेश करेंगे और यह क्षेत्र उद्योग के क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरेगा। वन टू वन कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. अजय सिंह, पूर्व सांसद देवराज सिंह, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर प्रतिभा पाल, एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान, क्षेत्रीय संचालक एसपी आईडीसी यूके तिवारी सहित बड़ी संख्या में बनारस, प्रयागराज, मिर्जापुर व रीवा से आये उद्यमी उपस्थित रहे।

# शिवराजपुर विद्यालय मे स्वच्छता सेवा अभियान का हुआ आयोजन



**मऊगंज।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवराजपुर मे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक चल रहे स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल उपस्थिति रही कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार शर्मा ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर असिस्टेंट काउंसलर (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र उपस्थित रहे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, विद्यालय के शिक्षक छात्र एवं छात्राओं के साथ पूरे परिसर की सफाई कर स्वच्छ किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई उन्होंने कहा कि जब कपड़ा घर स्कूल साफ स्वच्छ रहेगा तब मन भी स्वच्छ रहेगा और जब आप लोग पढ़ाई करेंगे तो निश्चित रूप से आपको याद होगा और आप कक्षा में अच्छे अंक से पास होंगे आपके घर में जो भी कचरा निकलता है गीला कचरा अलग रखें और सूखा कचरा अलग रखें और जब आपके गांव पंचायत में स्वच्छता की गाड़ी है उसमें आप जरूर दे दें प्लास्टिक का बिल्कुल प्रयोग ना करें उससे बहुत बड़ी नुकसान है इसलिए जब आप बाजार जाय तो कपड़े का झोला लेकर ही जाएं ताकि प्लास्टिक की आवश्यकता महसूस ना हो विद्यालय के छात्र एवं छात्रा देश के भविष्य हैं आगे चलकर आप लोगों को देश का नेतृत्व करना है इसलिए मन लगाकर आप पढ़े और अच्छे अंक से पास हो ताकि आपके परिवार का विद्यालय का एवं जिले का नाम रोशन हो कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मिश्र ने कहा की हम लोगों को एवं बच्चों को देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी की नकल करनी चाहिए की स्वयं वह झाड़ू लगाकर परिसर को साफ स्वच्छ बनाते हैं यह देश के प्रधानमंत्री इस काम को कर रहे हैं तो हम लोगों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करनी चाहिए और हर व्यक्ति अपनी-अपनी सफाई कर ले तो किसी की आवश्यकता नहीं है कि आपकी सफाई करनी पड़े कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य शर्मा ने कहा की हम लोग अक्सर सफाई अभियान चलाते रहते हैं परंतु आज जो विशेष सफाई अभियान चलाया गया और अच्छी जानकारी दी गई इससे हमारे छात्र एवं छात्राओं को काफी लाभ मिलेगा और बहुत कुछ सीखने को मिला अपने विद्यालय परिवार की तरफ से उपस्थित अधिकारियों का तहे दिल से अभिनंदन करते हैं कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उच्च माध्यमिक शिक्षक बसंत कुमार मिश्र संतोष कुमार मिश्र कल्याणी श्रीवास्तव राजेश कुमार शर्मा राजेंद्र कुमार शर्मा संतोष कुमार द्विवेदी डॉक्टर राम सुंदर कोल प्रियंका तिवारी शैलेश कुमार मिश्र एवं विद्यालय की भृत्य कलावती विश्वकर्मा के साथ-साथ सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे ।

# 50 हजार की रिश्वत मांगने वाले परियोजना अधिकारी को लोकायुक्त ने पकड़ा, मामला दर्ज, आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति पत्र देने के एवज में मांगी थी रिश्वत, पैसे देने पहुंचा तो लेने से कर दिया इनकार



**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, सिरमौर में पदस्थ परियोजना अधिकारी शेष नारायण मिश्रा पर लोकायुक्त पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। बता दे आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर नियुक्ति के बदले 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। सिरमौर तहसील के सगरा निवासी राहुल सेन ने लोकायुक्त रीवा कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि उसकी पत्नी सोनम सेन का चयन आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए हुआ था, लेकिन नियुक्ति पत्र जारी करने से पहले परियोजना अधिकारी शेष नारायण मिश्रा ने 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लोकायुक्त टीम ने पहले मामले का सत्यापन किया, जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हो गई। इसी क्रम में परियोजना अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई गई, रीवा शहर के शिल्पी प्लाजा में स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में परियोजना अधिकारी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए लोकायुक्त की टीम तैयार थी। लेकिन परियोजना अधिकारी को शक हो गया और पैसे ही नहीं लिए। जिससे यह ट्रैप कार्रवाई अधूरी रह गई। घटना के वक्त लोकायुक्त की टीम सिविल ड्रेस में मौके पर मौजूद थी। जैसे ही शेष नारायण मिश्रा ने दुर्व्यवहार किया, टीम ने तुरंत दखल देकर उन्हें पकड़ा और पूछताछ के लिए लोकायुक्त कार्यालय ले जाया गया, जहां देर शाम तक पूछताछ चलती रही। परियोजना अधिकारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों नहीं पकड़ा जा सका, लेकिन रिश्वत मांगने की पुष्टि और प्रमाण मिलने के आधार पर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) तहत मामला दर्ज किया गया है।बॉक्सदो परियोजनाओं का प्रभारशेष नारायण मिश्रा जिले की दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं सिरमौर और रीवा ग्रामीण-1 के प्रभार में हैं। बताया जा रहा है कि वे शहर के एक प्रभावशाली परिवार से ताल्लुक रखते हैं और उन्हें राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त है। यही वजह है कि विभागीय स्तर पर उनके खिलाफ शिकायतों के बावजूद कार्रवाई टलती रही थी।

### दो बाइकों में आमने सामने सीधी भिड़ंत, एक की मौत चोरहटा थाना क्षेत्र के बनकुंइया के समीप हुआ हादसा

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनकुईया के समीप दो बाइक सवारों के बीच आमने सामने हुई सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में आरिफ खान निवासी घोघर की जान चली गई। मृतक के बड़े भाई मोइन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि आरिफ निजी बैंक में काम करता था। बुधवार को वह सेमरिया वसूली में गया हुआ था जहां से शाम तकरीबन 5 बजे बाइक से रीवा की ओर वापस आ रहा था। इसी दौरान बनकुईया के समीप सामने से आ रही बाइक से उसकी सीधी टक्कर हो गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया।

## बिजनेस साइट

# थीमैटिक निवेश - बाजार की अस्थिरता से निपटने के लिए एक मार्गदर्शक



सुमित श्रीवास्तव,
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रीवा

**रीवा।** कोविड के बाद की तेजी थम गई है और भारतीय बाजार अब अनिश्चितताओं का सामना कर रहे हैं। हालांकि घरेलू आंकड़े मजबूत बने हुए हैं, स्वस्थ जीडीपी ग्रोथ, घटती मुद्रास्फीति और घटती ब्याज दरें, वैश्विक माहौल ज्यादा मिक्स है। अमेरिकी व्यापार शुल्क, कमजोर वैश्विक वृद्धि, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से प्रेरित व्यवधान एवं बदलाव और निर्यात सेक्टर की चुनौतियां, ये सभी चिंताएं मंडरा रही हैं। इस तरह के माहौल में, सही समय पर सही सेक्टर्स का चयन करना एक ऐसा कौशल बन जाता है जिसमें अधिकांश रिटेल निवेशक महारत हासिल करने के लिए संघर्ष करते हैं।

**थीमैटिक निवेश क्यों महत्वपूर्ण है**

एक थीम सेक्टर्स और शेयरों का एक पोर्टफोलियो होता है जो एक सामान्य विचार से जुड़ा होता है-क्लाइमेट टेक्नोलॉजी, ई-कॉमर्स, रिन्यूएबल एनर्जी, या, जैसा कि हाल के इतिहास से पता चलता है, फार्मास्युटिकल्स और आईटी। थीम्स निवेश स्थिर नहीं होते, वे काफी हद तक मैक्रो फंडामेंटल्स के साथ बदलते रहते हैं। उदाहरण के लिए:

2020 में: महामारी के दौरान नई दवाओं और टीकों की मांग के कारण फार्मा कंपनियों ने बढ़त बनाई।

2021 में: डिजिटल फर्स्ट आईटी सर्विसेज को विदेशी खर्च में वृद्धि का लाभ मिला।

2022 में: एनपीए साइकिल में कमी आने से बैंकों का प्रदर्शन बेहतर रहा।

2023 में: कंज्यूमर खर्च में तेजी आने से ऑटोमोबाइल कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर रहा।

2024 में: फार्मा कंपनियों में फिर से उछाल आया और 2025 की शुरुआत में, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा बिकवाली की ओर रुख करने से बैंकों को नया आकर्षण मिला।

इन बदलावों पर नजर रखने के लिए गहन मार्केट नॉलेज, डेटा-आधारित विश्लेषण और भावनात्मक अनुशासन की आवश्यकता होती है। ये एक ऐसा कॉम्बीनेशन है जिसे कई खुदरा निवेशकों को व्यवहार में लागू करना मुश्किल लगता है।

**व्यक्तिगत निवेशकों के लिए सामान्य नुकसान**

1. कोरिलेशन की गलत व्याख्या - खास सेक्टर्स को मैक्रो वैरिएबल्स से जोड़ना समय लेने वाला और त्रुटियों से ग्रस्त है।
2. इमोशनल ट्रेडिंग - तेजी के दौर में अति आत्मविश्वास या सुधार के दौरान घबराहट लाभ को कम कर सकती है।
3. एग्जिट रणनीति और कर कुशलता - समय पर रीबैलेंसिंग और कर कुशलता के साथ लाभ प्राप्त करना जटिल है।

प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए थीमैटिक फंड्स ऑफ फंड्स आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ) थीमैटिक निवेश के लिए एक व्यवस्थित, रिसर्च-आधारित दृष्टिकोण का उदाहरण है। इसकी कार्यप्रणाली में शामिल हैः

1. **मैक्रो स्क्रीनिंग** - जीडीपी ग्रोथ, राजकोषीय एवं चालू खाता घाटा, मुद्रास्फीति, ब्याज दरें, कच्चे तेल की कीमतें, मुद्रा की चाल और आईआईपी एवं पीएमआई डेटा, मौजूदा माहौल के अनुकूल व्यापक थीम्स को फिल्टर करते हैं।
2. **मूल्यांकन विश्लेषण** - अधिक भुगतान से बचने के लिए, प्रत्येक थीम के मूल्यांकन को उसके लॉन्गटर्म औसत के आधार पर बेंचमार्क किया जाता है।
3. **बैलेन्स्ड एलोकेशन** - अंतिम पोर्टफोलियो न तो अत्यधिक केंद्रित होता है और न ही अत्यधिक विविध।
4. **प्रभावशाली रीबैलेंसिंग** - फंड मैनेजर एग्जिट रणनीतियों को लागू करता है और लाभ को लॉक करने के लिए नियमित रूप से रीबैलेंसिंग करता है।
5. **कर कुशलता** - एफओएफ से लॉन्गटर्म कैपिटल गेन पर 24 महीने से अधिक की होल्डिंग के लिए 12.5 प्रतिशत कर लगाया जाता है, जिससे ये कर कुशल बन जाते हैं।

31 अगस्त 2025 तक, एफओएफ ने 3 वर्षों में 19.14 प्रतिशत सीएजीआर, 5 वर्षों में 24.34 प्रतिशत सीएजीआर और शुरुआत के बाद से 15.35 प्रतिशत सीएजीआर दिया है।